जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि

उल्हास विकास
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## विश्व में एकाधिकार चाहता है अमेरिका

किसी भी देश में सत्ता बदलने के साथ उसकी नीतियों में बदलाव आना हैरानी की बात नहीं है, लेकिन इस बार अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बाद जो संकेत सामने आ रहे हैं, वे चौंकाने वाले हैं। हालांकि ट्रंप आधिकारिक रूप से जनवरी में राष्ट्रपति पद संभालेंगे, मगर पिछले कुछ दिनों से वे जिस तरह के बयान दे रहे और अपनी सरकार गठन को लेकर जो तस्वीरें पेश कर रहे हैं, उससे साफ है कि वे इस बार बहुत कुछ नया करने जा रहे हैं।

### अमेरिकी डालर को कमजोर करने की कोशिश

अपने एक ताजा बयान में उन्होंने कहा कि अगर कोई देश अमेरिकी डालर को कमजोर करने की कोशिश करेगा, तो उसे अमेरिका में कारोबार के लिए सौ फीसद शुल्क की नीति का सामना करना पड़ेगा। ट्रंप के निशाने पर मुख्य रूप से ब्रिक्स समूह के नौ देश हैं। उनके बयान को एक चेतावनी के तौर पर देखा जा रहा है। सवाल है कि औपचारिक रूप से सत्ता संभालने के पहले ही ट्रंप का ऐसा आक्रामक रुख क्यों सामने आने लगा है। आर्थिक मामलों पर उभरे गतिरोध अलग-अलग देशों के साथ सहयोग आधारित नीतियों के जरिए और सहमति के आधार पर दूर किए जाते हैं या आक्रामक नीतियां लागू करने की धमकी से?

### ब्रिक्स देशों को चेतावनी

इसमें कोई दोराय नहीं कि अमेरिका का अपनी अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए चिंता करना स्वाभाविक है। मगर क्या इसके लिए टकराव और चेतावनी कोई उपयुक्त रास्ता है? नए वैश्विक परिदृश्य में सभी देश अपनी आर्थिक मजबूती के नए विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। इस क्रम में ब्रिक्स देश और खासकर रूस और चीन पिछले कुछ वर्षों से अमेरिकी डालर के विकल्प के रूप में अपनी नई मुद्रा लाने की कोशिश कर रहे हैं। मगर इसे अमेरिका अपने डालर और इस तरह अपनी अर्थव्यवस्था के लिए नुकसानदेह मान रहा है और इस स्थिति में वह ब्रिक्स देशों को अपने यहां व्यापार बाधित करने की चेतावनी दे रहा है। ट्रंप की चिंता अमेरिका के हित में हो सकती है, लेकिन अगर आर्थिक मसले पर दुनिया बहुध्रुवीय और वैकल्पिक रास्ते तलाशती है, तो अमेरिका को इसके कारणों पर विचार करना चाहिए। नए विश्व में एकाधिकार का रास्ता शायद किसी भी देश के हित में नहीं होगा।

# चीन-नेपाल की नजदीकी का क्या है मतलब?

नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली अपनी पहली विदेश यात्रा पर चीन पहुंच गए हैं। इस यात्रा को नेपाल को चीन के और नजदीक ले जाने का सूचक माना जा रहा है, क्योंकि परंपरागत तौर पर नेपाल के नए प्रधानमंत्री पहली विदेश यात्रा पर भारत आते रहे हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि भारत विरोध और चीन से मित्रता ओली की व्यक्तिगत रुचि रही है।

ओली हमेशा चीन के साथ संबंधों को प्रगाढ़ करने की वकालत करते रहे हैं। उन्होंने भारत विरोध का सहारा लेकर ही अपनी राजनीति मजबूत की है, फिर चाहे वह 2015 में की गई सीमा की नाकाबंदी हो, 2019 में सीमा-विवाद का राजनीतीकरण करना हो या फिर नेपाल का एक विवादित नक्शा लाना हो, जिसमें नेपाल ने भारत के कुछ संप्रभु क्षेत्रों को अपना दिखाया।

ओली का राजनीतिक झुकाव चीन की ओर होना भारत के लिए चिंता का विषय बना हुआ है, लेकिन उनकी इस यात्रा को नेपाल का भारत से दूर जाना मान लेना भारत की 'पड़ोसी प्रथम' नीति को कमजोर करार देने के बराबर है। तथ्य बताते हैं कि जितनी भी बार ओली और उनकी कम्युनिस्ट पार्टी आफ नेपाल (एमाले) ने चीन के साथ समझौते या राजनीतिक संबंधों की वकालत की है, वह मुख्यतः प्रतीकात्मक ही रही है और परिणामों पर कम खरी उतरी है।

चूंकि नेपाल में राजनीतिक अस्थिरता एक सामान्य बात है और हर छह-आठ महीनों में एक नई सरकार आती है, ऐसे में हर प्रधानमंत्री का भारत आना नेपाली



विदेश नीति के लिए दूसरे पड़ोसी देश की अनदेखा करने का संकेत माना जा सकता है। इससे उसके हित प्रभावित हो सकते हैं। यहां यह भी देखना जरूरी है कि ओली नेपाली कांग्रेस पार्टी के साथ एक गठबंधन वाली सरकार चला रहे हैं और नेपाली कांग्रेस भारत के साथ मजबूत संबंधों की वकालत करती रही है।


चूंकि मौजूदा सरकार में विदेश मंत्री नेपाली कांग्रेस से हैं, ऐसे में नेपाली कांग्रेस भारत के साथ इतना बड़ा जोखिम लेने से बचेगी। इसलिए नेपाल दो पड़ोसियों के बीच संतुलित विदेश नीति बनाए रखने का प्रयास कर रहा है, लेकिन सवाल यह है कि क्या ओली का चीन के प्रति झुकाव नेपाल के लिए फायदे का सबब बना है? उत्तर नकारात्मक ही है, क्योंकि नेपाल और चीन के बीच जितने भी बड़े समझौते पिछले दस वर्षों में हुए हैं, उनमें ज्यादातर ठंडे बस्ते में पड़े हैं और यह बात चीन को सताती रही है।

मई 2017 में चीन ने नेपाल के साथ बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) पर समझौता किया, जिसे चीन की एक बड़ी कूटनीतिक सफलता के तौर पर देखा गया, क्योंकि भारत लगातार बीआरआई के अंतर्गत बने चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे की आलोचना करता रहा है।

बीआरआई समझौते के तहत चीन को नेपाल में बड़े बुनियादी ढांचे वाली तमाम परियोजनाओं में निवेश करना है, जिनमें ट्रांस-हिमालयन बहुआयामी कनेक्टिविटी नेटवर्क खास है, जो नेपाल को रेल एवं सड़क मार्ग से तिब्बत प्रांत से जोड़ने वाला है। इससे ऐसा लगा कि नेपाल चीन के रास्ते भारत पर अपनी निर्भरता कम करने का मार्ग खोज रहा है, लेकिन करीब सात वर्ष बीत जाने के बाद भी नेपाल में ऐसी एक भी परियोजना लागू नहीं हो सकी है।

इसके दो कारण हैं। पहला, नेपाल में राजनीतिक अस्थिरता के चलते परियोजनाओं की पहचान नहीं हो पाई है। दूसरा, नेपाल लगातार चीन से बीआरआई के अंतर्गत आने वाली परियोजनाओं के लिए सहयोग वित्तीय सहायता के तौर पर चाहता है। जबकि चीन कर्ज देने में रुचि रखता है। श्रीलंका का उदाहरण देखते हुए नेपाल इससे डर रहा है। बड़े कर्ज के चलते श्रीलंका को अपने हंबनटोटा जैसे बंदरगाह का नियंत्रण चीन के हाथों में देना पड़ा है।

अगर नेपाल चीन से कर्ज लेता है तो भविष्य में उसे नेपाल पर दबाव बनाने का अवसर मिलेगा, जो बीआरआई का मुख्य वैश्विक उद्देश्य रहा है। वर्ष 2016 में ओली ने अपनी चीन यात्रा के दौरान उसके साथ परिवहन एवं परिगमन समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इसके तहत नेपाल चीन के छह बंदरगाहों के रास्ते अन्य देशों से व्यापार कर सकता है।




ध्यानाभ्यास के द्वारा हम जान जाते हैं कि हमारे अंदर शांति और प्रेम का स्रोत है, जो हमारे जीवन को समृद्ध कर सकता है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# बार-बार आंदोलन पर किसान

किसानों की समस्याओं और उनकी मांगों पर पारदर्शी ढंग से बातचीत और समाधान न हो पाने का ही नतीजा है कि वे बार-बार आंदोलन की राह पर चल पड़ते हैं। गौतम बुद्ध नगर और उसके आसपास के जिलों के किसान इसीलिए एक बार फिर दिल्ली की तरफ कूच कर गए और सोमवार को दिन भर लोगों को यातायात में बाधा से जूझना पड़ा। दिल्ली-नोएडा सीमा पर भारी पुलिस बल तैनात होने और अवरोधक लगाए जाने के बावजूद किसान नहीं रुके। हालांकि शाम होते-होते उन्होंने अपना फैसला बदल लिया और कहा कि सरकार से बातचीत में अगर संतोषजनक नतीजे नहीं निकलते हैं, तो वे दिल्ली की तरफ फिर से कूच करेंगे।

ये किसान कई वर्ष से अव्यावहारिक ढंग से निर्धारित किए गए मुआवजे में बढ़ोतरी और भुगतान की मांग कर रहे हैं। इससे पहले भी कई बार वे दिल्ली की तरफ बढ़ने का प्रयास कर चुके हैं। उत्तर प्रदेश सरकार पर दबाव बनाने की कोशिश करते रहे हैं, मगर उनकी मांगों पर ठीक से विचार नहीं किया गया। दरअसल, अलग-अलग सरकारों के समय अलग-अलग मुआवजा नीति के तहत नोएडा के किसानों से ली गई जमीन का भुगतान किया गया। उनमें बहुत सारे किसानों को



उचित मुआवजा नहीं मिल पाया, जिसे लेकर वे आंदोलन करते रहे हैं।

विकास परियोजनाओं के लिए ली गई जमीन के मुआवजा भुगतान में अपारदर्शिता की शिकायतें अक्सर मिलती रही हैं। उनके निपटारे पर गंभीरता नहीं दिखाई जाती, जिसके चलते हजारों किसान लंबे समय से परेशानियों का सामना कर रहे हैं। यों तो सरकारें किसानों की आय बढ़ाने, आपदा के समय उनकी फसल का उचित मुआवजा दिलाने, फसल बीमा, किसान कर्ज में सहूलियत, भूमिहीन किसानों के लिए रोजगार, जमीन के मुआवजे का उचित भुगतान आदि के दावे बढ़-चढ़ कर करती हैं, मगर हकीकत यही है कि भ्रष्टाचार के कारण किसानों तक वाजिब रकम नहीं पहुंच पाती। गौतमबुद्ध नगर के किसान पिछले दस वर्षों में अधिग्रहीत भूमि का बाजार मूल्य से चार गुना अधिक भुगतान करने, उससे पहले यानी पुरानी अधिग्रहण नीति के तहत ली गई जमीन का बढ़ी हुई कीमत पर भुगतान करने, इन मांगों के संबंध में गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति की सिफारिशों को लागू करने आदि की मांग कर रहे हैं। ये ऐसे मुद्दे नहीं हैं, जिन पर किसानों के साथ तार्किक ढंग से बात न की जा सके। इस मामले में प्रशासनिक शिथिलता के कारण किसान धुंधलके में बने हुए हैं।

दरअसल, किसानों की समस्याओं पर कोई भी सरकार संवेदनशील नजर नहीं आती। न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी का मुद्दा पुराना है। इसे लेकर किसान लंबे समय तक धरने पर बैठे रहे। प्रधानमंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया कि इस मामले में शीघ्र निर्णय किया जाएगा और किसानों ने धरना वापस ले लिया था। मगर अब तक उस दिशा में कोई कदम आगे नहीं बढ़ाया जा सका है। इस वजह से कई बार पंजाब और हरियाणा के किसान दिल्ली कूच को निकल चुके हैं, जिन्हें रोकने के लिए पुलिस को शक्ति प्रदर्शन करना पड़ा।

अपनी समस्याओं को लेकर मांग उठाना किसानों का संवैधानिक अधिकार है। मगर सरकारों से अपेक्षा की जाती है कि वे उनकी मांगों पर संजीदगी दिखाएं। दोनों के बीच जब-तब जोर आजमाइश की कोशिशों से आखिरकार आम लोगों को नाहक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। किसानों की समस्याओं के निपटारे के लिए कोई पारदर्शी और व्यावहारिक तंत्र क्यों नहीं बनना चाहिए?

# 1000 घरों में चोरी करने के बाद बोला चोर, ये मेरी हॉबी

जरा हट के

जापान के क्यूशू क्षेत्र में एक व्यक्ति को हाल ही में एक संपत्ति पर अवैध रूप से घुसने के आरोप में गिरफ्तार किया गया. यह व्यक्ति पुलिस को बयान में स्वीकार कर चुका है कि उसने 1,000 से ज्यादा घरों में घुसपैठ की है. द जापान टाइम्स के अनुसार, आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसे घरों में घुसने से "रोमांच" महसूस होता है. उसने कहा, "दूसरों के घरों में घुसना मेरा शौक है और मैंने इसे 1,000 बार किया है. जब मैं सोचता हूं कि कोई मुझे देखेगा या नहीं, तो मेरी हथेलियां पसीने से भीग जाती हैं और यह मेरे तनाव को कम करता है." आरोपी का यह बयान दर्शाता है कि यह मामला केवल आपराधिक प्रवृत्ति का नहीं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य से भी जुड़ा हो सकता है.

दज़ाइफू शहर का निवासी यह आरोपी 25 नवंबर को गिरफ्तार हुआ. उसने दोपहर 1 बजे के करीब एक स्व-रोजगार



करने वाले व्यक्ति के घर में घुसने की कोशिश की. घर के मालिक और उनकी पत्नी ने उसे अपने बगीचे में देखा और तुरंत पुलिस को सूचित किया. द एक्सप्रेस ट्रिब्यून के मुताबिक, इस घटना में कोई चोरी की रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई, लेकिन अधिकारियों ने इसे गंभीरता से लिया है क्योंकि इस तरह की घटनाएं मानसिक अस्थिरता की ओर इशारा करती हैं.

### घुसपैठ के मामलों में बढ़ोतरी

पुलिस के अनुसार, आरोपी ने किसी भी घटना में चोरी नहीं की, लेकिन लोगों के निजी जीवन में इस तरह का अतिक्रमण एक गहरी समस्या है. इस घटना ने जापान में ऐसे अपराधों पर कड़ी निगरानी और कठोर कानूनों की आवश्यकता को उजागर किया है.

इससे पहले, 2020 में जापान में एक और घुसपैठ का मामला सामने आया था. एक ऑस्ट्रेलियाई व्यक्ति को टोक्यो में अपने ससुराल वालों के अपार्टमेंट में अवैध रूप से प्रवेश करने पर गिरफ्तार किया गया था. वह अपने लापता बच्चों की तलाश कर रहा था. आरोपी ने आरोप कबूल कर लिया और उसे छह महीने की जेल की सजा दी गई, जिसे तीन साल के लिए निलंबित कर दिया गया.

# शादी में चाहिए ऑन-द-स्पॉट ग्लो?

## कच्चे दूध में डालकर लगाएं ये 5 में से 1 चीज, ग्लोइंग दिखेगा फेस



**इन दिनों शादियों का मौसम चल रहा है और ऐसे में लोग पार्लर जाकर खूब खर्चा करते हैं. अगर आपको अपने पैसों की बचत कर चमकदार स्किन चाहिए तो कच्चा दूध सबसे अच्छा ऑप्शन है. कच्चा दूध स्किन के लिए बहुत फायदेमंद हो सकता है. यह त्वचा के लिए मॉइस्चराइजिंग एजेंट के रूप में काम करता है. इसके अलावा पिंपल्स और एक्ने को कम करने में मदद करता है. आइए जानते हैं इसके इस्तेमाल करने के तरीके...**

### ■ कच्चे दूध में बेसन

बेसन में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-ऑक्सीडेंट गुण होते हैं जो त्वचा को साफ और चमकदार बनाने में मदद करते हैं. दूध में बेसन मिलाकर लगाने से त्वचा की चमक बढ़ सकती है. 2 चम्मच कच्चे दूध में बेसन डालकर गाढ़ा पेस्ट बना लें और इसमें गुलाब जल भी डाल सकते हैं. इस पेस्ट को 10 मिनट के लिए लगाकर छोड़ दें और हल्के गुनगुने पानी से धो लें.

### ■ हल्दी

हल्दी में करक्यूमिन पाया जाता है, जो त्वचा को साफ और चमकदार बनाने में मदद करता है. दूध में हल्दी मिलाकर लगाने से त्वचा की चमक बढ़ सकती है. यह स्किन ब्राइटनिंग का काम करता है. इस पेस्ट को लगाकर 5-10 मिनट के लिए छोड़ दें और बाद में धो लें.

### ■ बादाम का तेल

बादाम का तेल त्वचा को मॉइस्चराइज करने में मदद करता है और त्वचा की चमक बढ़ाता है. दूध में बादाम का तेल मिलाकर लगाने से त्वचा की चमक बढ़ सकती है. इसके लिए आपको कच्चा तेल लेना होगा और उसमें बादाम के तेल की कुछ बूंदे मिलानी होगी. अब इसे स्किन पर लगाकर जेंटली मसाज करें और बाद में धो लें.

### ■ चंदन

चंदन त्वचा को चमकदार बनाने में मदद करता है. दूध में चंदन मिलाकर लगाने से त्वचा की चमक बढ़ सकती है. ऑन-द-स्पॉट ग्लो पाने के लिए चंदन का यूज करें. ऑर्गेनिक चंदन पाउडर लें और उसे कच्चे दूध में मिक्स कर लें. अब इस पेस्ट को स्किन पर लगाकर कुछ देर के लिए छोड़ दें और वॉश कर लें.

### ■ शहद

शहद त्वचा को मॉइस्चराइज करने में मदद करता है और त्वचा की चमक बढ़ाता है. दूध में शहद मिलाकर लगाने से त्वचा ग्लो करती है. कच्चा दूध लें और उसमें शहद को मिक्स कर लें. अब इस पेस्ट को लगाकर 10-15 मिनट के लिए छोड़ दें.

# टमाटर का सूप पीने से सेहत को मिलते हैं फायदे

**ठंड के मौसम में आपकी सेहत और स्वाद दोनों का ख्याल रखता है टमाटर का सूप। टमाटर में क्रोमियम, पोटेशियम, विटामिन-ए, सी, इ, अल्फा, बीटा, ल्यूटिन और लाइकोपीन कैरोटेनॉयड्स जैसे कई गुण पाए जाते हैं, जो मोटापे से लेकर सेहत से जुड़ी कई समस्याओं को दूर रखने में मदद कर सकते हैं। आइए जानते हैं टमाटर का सूप पीने से सेहत को मिलते हैं क्या फायदे।**



### ■ बेहतर ब्लड सर्कुलेशन

टमाटर के सूप में मौजूद सेलेनियम एनीमिया से बचाव करके बॉडी में ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर बनाए रखने का काम करता है। हेल्थ एक्सपर्ट्स भी बेहतर ब्लड सर्कुलेशन के लिए टमाटर का सूप पीने की सलाह देते हैं।

### ■ हाई बीपी में फायदेमंद

टमाटर में मौजूद पोटेशियम शरीर में सोडियम लेवल को संतुलित बनाए रखने में मदद करता है। अगर आप हाई बीपी रोगी हैं तो टमाटर के सूप का सेवन करें। हालांकि टमाटर का सूप बनाते समय उसमें नमक की मात्रा का ध्यान रखें या नमक डालने से बचें।

### ■ वेट लॉस

टमाटर का सूप नियमित पीने से वेट लॉस में भी मदद मिल सकती है। टमाटर का सूप फाइबर से भरपूर होता है, जो लंबे समय तक पेट को भरा रखता है। जिससे व्यक्ति को जल्दी भूख नहीं लगती और वो एक्स्ट्रा कैलोरी लेने से बच जाता है। जिससे वेट लॉस में मदद मिल सकती है।

### ■ अच्छा पाचन

सर्दियों में लोग अकसर पाचन संबंधी दिक्कतों से परेशान रहते हैं। ऐसे में आप पाचन तंत्र को बेहतर बनाए रखने के लिए टोमेटो सूप का सेवन कर सकते हैं।

### ■ शुगर लेवल रखें कंट्रोल

टमाटर में मौजूद क्रोमियम ब्लड शुगर कंट्रोल रखने में मदद कर सकता है। इसके अलावा टमाटर में मौजूद नारिंगिन नाम का फ्लेवोनोइड* एंटी-डायबिटिक के रूप में काम करके ब्लड शुगर लेवल को कम कर सकता है।

# मूंगफली तिल के लड्डू




**सर्दियां शुरू होते ही लोग अपनी डाइट में ऐसी चीजें शामिल करना पसंद करते हैं, जो खाने में टेस्टी होने के साथ तासीर में गर्म भी हों। ऐसी ही एक विंटर स्पेशल डेजर्ट रेसिपी का नाम है मूंगफली तिल लड्डू रेसिपी। मूंगफली और तिल के कॉम्बिनेशन से बनने वाले ये लड्डू टेस्टी होने के साथ शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाने का काम करते हैं। इन लड्डुओं की खासियत यह है कि आप इन्हें बनाकर कई दिन तक के लिए स्टोर करके भी रख सकते हैं। तो आइए बिना देर किए जान लेते हैं कैसे बनाए जाते हैं मूंगफली तिल लड्डू।**

### सामग्री :

- 1 कप सफेद तिल
- 1 कप मूंगफली
- 1/2 कप बादाम
- 1 छोटा चम्मच इलायची पाउडर
- 2 कप चीनी का बूरा
- 1/2 कप देसी घी
- 2 बड़े चम्मच मलाई

### विधि :

मूंगफली-तिल के लड्डू बनाने के लिए सबसे पहले एक कड़ाही में तिल डालकर उन्हें धीमी आंच पर तब तक



ड्राई रोस्ट करें, जब तक उनका रंग बदलकर लाइट ब्राउन न हो जाए। इसके बाद तिल को एक बर्तन में निकालकर मूंगफली के दाने कड़ाही में डालकर रोस्ट कर लें। अब दोनों चीजों को मिक्सी में डालकर दरदरा पीसकर एक बाउल में निकाल लें। अब मिक्सी में बादाम डालकर उन्हें भी दरदरा पीस लें। इसके बाद कड़ाही में आधा कप देसी घी डालकर गर्म कर लें। जब घी गर्म हो जाए तो उसमें दरदरा पिसा हुआ बादाम डालकर हल्का भूरा होने तक चलाते हुए भूनें। इसके बाद कड़ाही में मूंगफली का दरदरा पिसा हुआ पाउडर डालकर भूनें। अब इस मिश्रण में दरदरे पिसे हुए तिल डालकर सभी चीजों को अच्छी तरह मिक्स कर लें। जब मिश्रण ठंडा हो जाए तो उसमें चीनी बूरा और इलायची पाउडर डालकर मिक्स कर दें। अब इस मिश्रण में 2 बड़े चम्मच मलाई डालकर हाथों से मिक्स करें। लड्डू बनाने के लिए आपका मिश्रण तैयार हो चुका है। अब थोड़ा-थोड़ा मिश्रण हाथों में लेकर उसे दबाते हुए उसके लड्डू बांधें। जब लड्डू बंध जाए तो उसे साबुत भुने तिल में लपेटकर थाली में अलग रखते जाएं।

## आज का राशिफल



**मेष** : निवेश मनोनुकूल लाभ देगा। बिगड़े काम बनेंगे। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। कोई पुराना रोग बाधा का कारण हो सकता है। सामाजिक कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। विरोध होगा। आर्थिक नीति में परिवर्तन होगा। कार्यप्रणाली में सुधार होगा।


**वृषभ** : धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। सत्संग का लाभ मिलेगा। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेश लाभ देगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।



**मिथुन** : वाहन, मशीनरी व अग्नि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर गृहिणियां लापरवाही न करें। आवश्यक वस्तुएं गुम हो सकती हैं। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। किसी व्यक्ति की बातों में न आएं। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।



**कर्क** : वाणी में शब्दों का प्रयोग सोच-समझकर करें। प्रतिद्वंद्विता में कमी होगी। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। व्यापार में वृद्धि होगी। स्त्री वर्ग से समयानुकूल सहायता प्राप्त होगी। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। निवेश शुभ रहेगा।



**सिंह** : स्थायी संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। मनपसंद रोजगार मिलेगा। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कर्ज समय पर चुका पाएंगे। बैंक-बैलेंस बढ़ेगा। नौकरी में चैन रहेगा। व्यापार में वृद्धि के योग हैं। शेयर मार्केट से लाभ होगा। तनाव रहेगा।


**कन्या** : किसी मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठा पाएंगे। यात्रा लाभदायक रहेगी। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें।


**तुला** : आय में निश्चितता रहेगी। शत्रु शांत रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय से लाभ होगा। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। दौड़धूप की अधिकता का स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ेगा। थकान व कमजोरी रह सकती है। वाणी में कड़े शब्दों के इस्तेमाल से बचें।


**वृश्चिक** : आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से खिन्नता रहेगी। बनते कामों में बाधा उत्पन्न होगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। काम में मन नहीं लगेगा। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होने से प्रसन्नता रहेगी। निवेश से लाभ होगा।


**धनु** : जल्दबाजी व लापरवाही से हानि होगी। राजकीय कोप भुगतना पड़ सकता है। विवाद न करें। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। प्रसन्नता रहेगी। बिछड़े मित्र व संबंधी मिलेंगे। विरोधी सक्रिय रहेंगे। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। लाभ होगा।


**मकर** : कोई अनहोनी होने की आशंका रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। रोजगार मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट मनोनुकूल लाभ देगा। बुद्धि का प्रयोग करें। प्रसन्नता का वातावरण बनेगा।


**कुंभ** : आंखों का विशेष ध्यान रखें। चोट व रोग से बचाएं। पुराना रोग उभर सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें। व्यवसाय की गति धीमी रहेगी। आय बनी रहेगी। नौकरी में कार्यभार रहेगा। थकान महसूस होगी। सहकर्मी सहयोग नहीं करेंगे।


**मीन** : यात्रा मनोनुकूल रहेगी। कारोबार से संतुष्टि रहेगी। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। प्रयास सफल रहेंगे। बुद्धि का प्रयोग करें। प्रमाद न करें। निवेश से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव क्षेत्र बढ़ेगा। व्यापार-व्यवसाय में उत्साह से काम कर पाएंगे।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# लाल और सफेद अमरूद में क्या है अंतर?

सर्दियों में अमरूद खाने का मजा और बढ़ जाता है. कुछ लोग इसे चटनी बनाकर खाते हैं, तो कुछ नमक और काली मिर्च के साथ. अमरूद पोषक तत्वों से भरपूर फल है जिसमें फाइबर और विटामिन सी भी होता है. यह पाचन क्रिया को भी बेहतर बनाता है. अपने स्वाद और स्वास्थ्य लाभों के कारण अमरूद एक लोकप्रिय खाद्य पदार्थ है. अमरूद खरीदते समय ग्राहक अक्सर समस्याओं का सामना करते हैं. यहां तक कि ताजा दिखने वाले अमरूद में भी अक्सर कीड़े होते हैं. इससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होने के साथ-साथ फल की गुणवत्ता भी कम हो जाती है. यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपको इसे घर लाने का पछतावा न हो, हम आपको बताने जा रहे हैं कि बिना काटे एक बेहतरीन और



मीठा अमरूद कैसे खरीदा जाए.

हमने अक्सर लाल और सफेद, दो तरह के अमरूदों को देखा है. अमरूद का लाल रंग लाइकोपीन नामक एक पिगमेंट के कारण होता है, जो एक प्रकार का कैरोटीनॉइड है. लाइकोपीन एक प्राकृतिक रंग है जो अमरूद के छिलके और गूदे में पाया जाता है. वहीं सफेद अमरूद में लाइकोपीन की कमी होने से फल का रंग सफेद हो सकता है.

बिना काटे ही कीड़े वाले अमरूद की पहचान करना बहुत मुश्किल नहीं है. बाजार से अमरूद खरीदने से पहले आपको इसकी सतह को ध्यान से जांचना चाहिए. अगर आपको कोई छोटा-सा छेद, सड़क के निशान या असमानी रंग दिखाई दे तो आपको पता होना चाहिए कि इस अमरूद में कीड़े हो सकते हैं. कीटों के कारण अमरूद का रंग इस तरह बदल जाता है. आइए जानें कि कैसे पता करें कि अमरूद में कीड़ा है या नहीं...

### अमरूद को दबाएं

आपको अमरूद खरीदने से पहले उसे अपनी हथेली से हल्का सा दबाना चाहिए. अगर दबाने पर अमरूद बहुत नरम लगे तो उसे खरीदने की गलती न करें. अमरूद बहुत सख्त या नरम नहीं होना चाहिए. बहुत सख्त अमरूद कच्चा हो सकता है, लेकिन नरम अमरूद में कीड़े हो सकते हैं.

### सुगंध से पहचानें

ताजे और मीठे अमरूदों की खुशबू मीठी होती है. अगर वे मीठे नहीं हैं, तो कीड़े नहीं होंगे. दूसरी ओर, जिन अमरूदों में कीड़े होते हैं, उनमें अजीब गंध आ सकती है. ऐसे अमरूदों को काटने पर उनमें छोटे-छोटे कीड़े या काले धब्बे दिखाई दे सकते हैं. अमरूद खरीदने से पहले उन्हें सूंघना न भूलें.

### रंग और छिलके की जांच करें

खरीदने से पहले अमरूद के छिलके और रंग की जांच करें. अगर छिलका चिकना, थोड़ा लचीला और अपने आकार के हिसाब से वजनदार हो तो अमरूद अच्छा रहेगा. रंग की बात करें तो टेस्टी अमरूद पाने के लिए आपको पीले रंग के अमरूद खरीदने चाहिए. अगर आपको थोड़ा खट्टापन पसंद है तो आप हरा अमरूद भी खरीद सकते हैं. पूरा पीला अमरूद भी अच्छा नहीं है खरीदना.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### नवविवाहित एसडीआरएफ जवान का शव पंखे से लटकता मिला, बेड पर थी पत्नी की लाश

**लखनऊ.** लखनऊ के बिजनौर इलाके में एसडीआरएफ के 27 वर्षीय जवान अजय सिंह और उनकी पत्नी 23 साल की नीलम का शव मिला। जवान का शव पंखे से लटकता और पत्नी का शव बेड पर पड़ा मिला। पत्नी के गले में भी रस्सी बंधी थी। दोनों की डेढ़ साल पहले ही शादी हुई थी। मौत का कारण फिलहाल पता नहीं चल सका है। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया पत्नी को फंदे पर अजय ने लटका देखकर रस्सी काटकर उतारा था। इसके बाद घबरा कर फांसी लगा ली। वहीं, आस-पड़ोस के लोगों ने पत्नी की हत्या कर अजय के फांसी लगाने की बात कह रहे हैं। अजय मूल रूप से आगरा का रहने वाला था। यहां बिजनौर में एसडीआरएफ यूनिट के पास किराए के मकान में रहता था।

### गोरखपुर के 4 डॉक्टरों पर गैर इरादतन हत्या का केस, इलाज में लापरवाही से मौत का आरोप

**गोरखपुर.** गोरखपुर के आनंदलोक हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. आनंद अग्रवाल सहित चार डॉक्टरों पर गैर इरादतन हत्या, जालसाजी, धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज किया गया है। कोर्ट के आदेश पर कैंट थाने में दर्ज केस में डॉ. आनंद अग्रवाल के अलावा उनकी पत्नी डॉ. अल्पना अग्रवाल, डॉ. सतीश नायक और डॉ. दलजीत सिंह को भी आरोपित बनाया गया है। पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है। जानकारी के मुताबिक, गगहा इलाके के वस्तुपार निवासी गिरिश नारायण श्रीवास्तव ने केस दर्ज कराया है। उनका कहना है कि 28 फरवरी 2024 को उनकी पत्नी पुष्पा श्रीवास्तव की तबीयत खराब हो गई। उन्हें लेकर वह आनंद लोक सुपर स्पेशिलिटी एंड ट्रामा सेंटर निकट छात्रसंघ चौराहा पहुंचे। वहां मौजूद डॉ. आनंद अग्रवाल, उनकी पत्नी डॉ. अल्पना अग्रवाल ने संयुक्त रूप से जांच की।

### झाड़ियों में तड़पता मिला नवजात, खून के धब्बों ने मां के घर तक पहुंचाया; गांव से 1 पकड़ाया

**गोरखपुर.** गोरखपुर के बांसगांव थाना क्षेत्र के कौड़ीराम चौकी क्षेत्र के एक गांव में सोमवार की भोर में झाड़ियों में लावारिस हालत में एक नवजात तड़पता और रोता हुआ मिला। कुछ ही देर में गांव वालों और पुलिस ने नवजात को जन्म देने वाली माता का पता लगा लिया, जो उसी गांव की अविवाहित लड़की है। चर्चा है कि उस युवती का गांव के ही सजातीय युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। पुलिस ने नवजात की माता का पता लगाकर शिशु सहित इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवा दिया। उधर, जिस युवक पर लड़की से संबंधों का शक है पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है। युवक से पूछताछ की जा रही है। सुबह-सबेरे गांव की कुछ महिलाएं रोज की तरह टहलने जा रही थीं। रास्ते के किनारे झाड़ियों में किसी नवजात के रोने की आवाज सुनकर रुक गईं।

# बैलेट पेपर से करवा रहे थे 'चुनाव'

- वोटिंग करनी पड़ी कैंसिल
- गांववालों को EVM पर शक था
- साबित करने के लिए मॉक वोटिंग रखी
- प्रशासन बोला- यह गैरकानूनी




**सोलापुर.** महाराष्ट्र के सोलापुर में मार्करवाड़ी गांव में मंगलवार को बैलट पेपर पर डमी वोटिंग होनी थी, लेकिन प्रशासन की सख्ती और पुलिस के दखल के बाद इसे कैंसिल कर दिया गया। हालांकि, गांव में कुछ लोगों ने बैलट पेपर से वोटिंग की पूरी तैयारी कर ली थी। सुबह 8 बजे से वोटिंग होनी थी, लेकिन पुलिस और प्रशासन ने इसे रोक दिया।

कुछ लोग जो जबरन वोटिंग के लिए गए उन्हें पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। गांव में 5 दिसंबर तक धारा 163 के तहत 5 से ज्यादा लोगों के इकट्ठा होने पर रोक लगा दी गई है।

दरअसल, मालशिरस विधानसभा सीट पर NCP-SC कैंडिडेट उत्तमराव जानकर को मार्करवाड़ी से विधानसभा चुनाव के दौरान 843 वोट मिले, जबकि BJP के राम सातपुते को 1003 वोट मिले।

रिजल्ट सामने आने के बाद मार्करवाड़ी के लोगों ने 3 दिसंबर को बैलट पेपर पर वोटिंग कराने का फैसला किया। गांव वालों का कहना था कि गांव में 2000 वोटर्स थे, 1900 ने वोट डाला था।

ऐसे में यह संभव नहीं सातपुते को 1003 वोट मिले हों। उन्हें EVM पर भरोसा नहीं है, इसलिए बैलट पेपर से रीपोलिंग करवाई जाए। दोनों के नंबर्स टैली करके तय होना था कि EVM से वोट मैनेज नहीं हुए थे।

#### प्रशासन से मांगी परमिशन, नहीं मिली

एक प्रतिनिधिमंडल ने बैलट पेपर का इस्तेमाल करके पुनर्मतदान कराने के लिए जिला प्रशासन से संपर्क किया था, लेकिन अनुरोध को खारिज कर दिया गया। इसके बाद मंगलवार को पुलिस की तरफ से गांव में सड़कें बंद कर दी गईं। चेतावनी दी गई कि वोटिंग करने वालों पर मामले दर्ज किए जाएंगे और मतदान सामग्री जब्त कर ली जाएगी। वहीं, पुलिस उपाधीक्षक (मालशिरस संभाग) नारायण शिरगावकर ने कहा कि गांव में किसी भी तरह की कानून-व्यवस्था की स्थिति से बचने के लिए पर्याप्त सुरक्षा तैनात की गई है।

20 नवंबर को हुए चुनावों में, जिसके परिणाम 23 नवंबर को घोषित किए गए, जानकर ने सातपुते को 13,147 वोटों से हराया। उत्तम जानकर अभी मार्कडवाड़ी में मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन ने गांव में भारी पुलिस बंदोबस्त किया है। एक बार जब सभी ग्रामीण यहां इकट्ठा हो जाएंगे, तो पुनर्मतदान शुरू हो जाएगा, क्योंकि ग्रामीण मतदान में भाग लेने के लिए दृढ़ हैं।

# नवजात का शव केमिकल में डुबाकर कूरियर किया

- पार्सल पर लिखा था नवी मुंबई का पता
- लखनऊ एयरपोर्ट पर पकड़ाया
- भेजने वाला एजेंट हिरासत में



#### स्कैनिंग के दौरान मिली डेडबॉडी

■ लखनऊ एयरपोर्ट पर रोजाना स्टाफ कार्गो के लिए बुक होने वाले सामान की स्कैनिंग करता है। इसी दौरान एक प्राइवेट कंपनी का कोरियर एजेंट सामान बुक कराने आया। कार्गो स्टाफ अंकित कुमार ने उसके सामान की स्कैनिंग शुरू की।

■ इस दौरान नवजात का शव डिटेक्ट हुआ। इसके बाद कार्गो कर्मचारियों ने पैकेट खोला, देखा तो प्लास्टिक के डिब्बे के अंदर बच्चे का शव था। कार्गो कर्मचारियों ने CISF और पुलिस को सूचना दी।


**लखनऊ.** लखनऊ एयरपोर्ट पर मंगलवार सुबह कूरियर के एक डिब्बे में एक महीने के नवजात का शव मिला। इसकी जानकारी कार्गो के सामान की स्कैनिंग के दौरान मिली। शव प्लास्टिक के डिब्बे में पैक था। अंदर लिक्विड भरा था।

पुलिस के मुताबिक, इसे नवी मुंबई भेजा जा रहा था। इस कूरियर को हजरतगंज स्थित इंदिरा IVF हॉस्पिटल से चंदन यादव ने बुक कराया था। पुलिस अब तक यह पता नहीं लगा पाई है कि नवजात के शव को कूरियर क्यों किया गया।

कूरियर एजेंट शिव बरन को CISF ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। उससे पूछताछ की जारी है। डिब्बे को इंडिगो की फ्लाइट 6E 2238 से लखनऊ से मुंबई भेजा जा रहा था।

कूरियर लखनऊ के हजरतगंज स्थित इंदिरा IVF हॉस्पिटल से चंदन यादव ने बुक कराया था। इसे नवी मुंबई के रुपा सोलिटायर प्रीमिसेस, सीओ, ओपी, एसओसी, लिमिटेड, सेक्टर-1 बिल्डिंग नंबर-1, मिलेनियम बिजनेस पार्क के पते पर भेजा जा रहा था। एयरपोर्ट चौकी प्रभारी ने बताया कि किसी ने शव को परीक्षण कराने के लिए मुंबई भेजा है, यह जानकारी सामने आ रही है।

# सबसे आगे बैठेंगे PM मोदी



- प्रियंका गांधी वाड्रा को मिली सीट नंबर 517
- लोकसभा में कौन कहां बैठेगा?

**नई दिल्ली.** लोकसभा में सांसदों के लिए सीटों का आवंटन पूरा हो चुका है। ताजा व्यवस्था के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पहले की तरह 1 नंबर सीट आवंटित की गई है। जबकि, संसद की नई सदस्य वायनाड से उपचुनाव जीतने वालीं प्रियंका गांधी वाड्रा को 517 नंबर की सीट आवंटित की गई है। विपक्षी दलों में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी सबसे पहली पंक्ति में होंगे।

#### ■ नितिन गडकरी की सीट बदली

लोकसभा सचिवालय द्वारा जारी एक परिपत्र के अनुसार, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को पहले दूसरे कॉलम में डिवीजन नंबर 58 आवंटित किया गया था, लेकिन अब उन्हें गृह मंत्री अमित शाह के बगल वाली सीट संख्या चार दी गई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को प्रधानमंत्री के बगल वाली डिवीजन सीट संख्या दो मिली है।


#### ■ विपक्ष दलों के नेता कहां बैठेंगे

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव विपक्षी दीर्घा की आगे की पंक्ति में सीट संख्या 355 पर बैठेंगे। तृणमूल कांग्रेस नेता सुदीप बंदोपाध्याय यादव के बगल में बैठेंगे। टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी को 280, कल्याण बनर्जी को 281 और सौगत रॉय को 284 नंबर की सीट दूसरी पंक्ति में आवंटित हुई हैं। द्रमुक नेता टी आर बालू और ए राजा को भी आगे की पंक्ति में सीटें आवंटित की गई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल को राहुल गांधी के पास सीट नंबर 497 दी गई है। जबकि, फैजाबाद सांसद अवधेस प्रसाद को दूसरी रो में जगह दी गई है। अब वह डिंपल यादव की सीट 358 के बगल में 357 पर बैठेंगे। प्रियंका गांधी वाड्रा के पास वाली सीटों पर कांग्रेस सांसद अदूर प्रकाश और असम से प्रद्युत बोरदोलोई मौजूद होंगे।

# सीएम चुने जाने से पहले नागपुर में लगे देवेंद्र फडणवीस के पोस्टर

- चेहरा नहीं दिखाया, पर संकेत पूरा

**नागपुर.** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के परिणाम घोषित होने के बाद एक सप्ताह से ज्यादा का वक्त बीत चुका है। इसके बावजूद मुख्यमंत्री के चेहरे पर सस्पेंस अभी बरकरार है। बीजेपी और आरएसएस साफ संकेत दे चुके हैं कि देवेंद्र फडणवीस को ही मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। अब नागपुर की सड़कों और व्यस्ततम चौराहों पर पोस्टर नजर आने लगे हैं। नागपुर में रातों-रात पोस्टर लगाकर संकेत दे दिया गया कि देवेंद्र फडणवीस ही मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। हालांकि इन पोस्टर्स पर ना तो देवेंद्र फडणवीस का नाम लिखा गया और ना ही उनका चेहरा दिखाया है। बैनर पर लिखा गया है, मी पुनः येईल। इसका मतल होता है मैं फिर लौटूंगा। तस्वीर में भी जिस शख्स को दिखाया गया है वह देवेंद्र फडणवीस जैसा ही है।




बता दें कि महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस की सरकार गिरने के बाद विधानसभा में उन्होंने ही कहा था कि मैं फिर वापस आऊंगा। चुनाव परिणाम के बाद उनका पुराना भाषण सोशल मीडिया पर वायरल भी हो रहा था। एक बिलबोर्ड पर लिखा गया, वापस आना ही पड़ता है, नए महाराष्ट्र के निर्माण के लिए। एक अन्य पोस्ट पर हिंदी में लिखा गया, वापस आा ही पड़ता है, फिर वापस आना पड़ता है। पत्थर की बंदिश से भी क्या बहती नदियां रुकती हैं। हालातां को धमकी से क्या अपनी नजरें झुकती हैं। किस्मत के हर पन्ने पर किस्मत लिखवाना पड़ता है। जिसमें मशाल सा जज्बा हो वो दीप जलाना पड़ता है। वापस आना पड़ता है। फिर वापस आना पड़ता है। यह भी कहा जा रहा है कि देवेंद्र फडणवीस के नाम के ऐलान में देरी इसलिए की जा रही है क्योंकि उनके ज्योतिषी ने उन्हें 2 दिसंबर के बाद की तारीख दी थी। दावा है कि उन्होंने कहा था कि अमावस्या की छाया हटने का इंतजार किया जाना चाहिए।

कहा जा रहा है कि एनडीए ने देवेंद्र फडणवीस के नाम पर मुहर मार दी है, अब बस सही समय का इंतजार है।

# बस ओवरटेक करने में गाड़ी के उड़े परखच्चे

- 5 मेडिकल छात्रों की मौत
- कार काटकर निकालने पड़े शव



**तिरुवनंतपुरम.** केरल में सोमवार को एक भीषण सड़क दुर्घटना में पांच मेडिकल छात्रों की मौत हो गई है। केरल के अलपुझा में एक हाई स्पीड कार केरल राज्य सड़क परिवहन निगम की एक बस से टकरा गई जिससे यह हादसा हुआ। घटना के वक्त कार में 7 छात्र सवार थे जिनमें से पांच छात्रों की मौत हो गई है। वहीं दो अन्य छात्र गंभीर रूप से घायल हैं।यह घटना रात करीब 9 बजे हुई जब छात्र कथित तौर पर अपनी कार शेवरले टवेरा कार को लेकर घूमने निकले थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक शवों को निकालने के लिए इमरजेंसी यूनिट को कार के क्षतिग्रस्त हिस्सों को काट कर निकालना पड़ा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पीड़ित वंदनम मेडिकल कॉलेज में अपने फर्स्ट ईयर के छात्र थे। पांच छात्रों में से तीन की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। घायल हुए दो अन्य छात्रों को इलाज के लिए अलप्पुझा मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया है।

## पूर्व सीबीआई डायरेक्टर विजय शंकर का निधन



**नई दिल्ली.** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) के पूर्व डायरेक्टर विजय शंकर का मंगलवार सुबह निधन हो गया है। उनकी अगुआई में सीबीआई ने आरुषी-हेमराज हत्याकांड, मालेगांव धमाका और मक्का मस्जिद जैसे मामलों की जांच की। ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके परिवार के सदस्य ने कहा, यह बहुत ही दुख की घड़ी है। यथार्थ अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। उनके परिवार ने बताया कि विजय शंकर की आखिरी इच्छा थी कि उनके अंग एम्स को दान कर दिए जाएं। वह पैंक्रियाटिक कैंसर से पीड़ित थे और लंबे समय से इलाज चल रहा था। उत्तर प्रदेश कैडर के 1969 बैच के रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी विजय शंकर 2005 से 2008 तक सीबीआई के डायरेक्टर रहे।

# त्रिपुरा में बांग्लादेशियों को रहना-खाना नहीं मिलेगा

- होटल और रेस्टोरेंट ने बायकॉट किया
- कहा- बांग्लादेश में कट्टरपंथियों ने हद पार कर दी

**अगरतला.** त्रिपुरा के होटल और रेस्टोरेंट संचालकों ने बांग्लादेशी यात्रियों को अपने यहां खाना और कमरा न देने का फैसला लिया है। ऑल त्रिपुरा होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन (ATHROA) ने बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा के चलते सोमवार को इमरजेंसी मीटिंग में यह फैसला लिया।

ATHROA के जनरल सेक्रेटरी सैकत बंदोपाध्याय ने कहा- बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार हो रहा है। पहले भी ऐसी घटनाएं होती थी पर अब सीमा पार हो चुकी है। हम बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे व्यवहार की आलोचना करते हैं।

#### ■ अस्पताल पहले ही इलाज से मना कर चुके

त्रिपुरा और कोलकाता के अस्पताल भी बांग्लादेशियों का इलाज करने से मना कर चुके हैं। त्रिपुरा के ILS अस्पताल ने शनिवार को बांग्लादेशियों का इलाज करने से इनकार कर दिया था।

कोलकाता के सिलीगुड़ी में डॉक्टर शेखर बंदोपाध्याय ने अपने प्राइवेट क्लिनिक में तिरंगा लगाकर मैसेज लिखा था- भारत का राष्ट्रीय ध्वज हमारी मां की तरह है। कृपया चैंबर में एंट्री करने से पहले तिरंगे को सलाम करें। खासकर बांग्लादेशी मरीज, अगर वे सलाम नहीं करते हैं, तो उन्हें अंदर आने नहीं दिया जाएगा।

# 22 दिसंबर को शादी करेंगी पीवी सिंधु




- पिता ने बताया- उदयपुर में होगा समारोह
- 24 दिसंबर को रिसेप्शन होगा

भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु शादी करने जा रही हैं। वे 22 दिसंबर को उदयपुर में हैदराबाद में रहने वाले वेंकट दत्ता साई से शादी के बंधन में बंधेंगी। वेंकट पोसाइडेक्स टेक्नोलॉजीस में कार्यकारी निदेशक हैं।

सिंधु के पिता पीवी रमन ने सोमवार रात लखनऊ में कहा- 'दोनों परिवार एक-दूसरे को जानते थे, लेकिन एक महीने पहले ही सब कुछ तय हुआ। यह एकमात्र संभावित समय था, क्योंकि जनवरी से उसका (सिंधू का) कार्यक्रम काफी व्यस्त रहने वाला है।' सिंधु के पिता ने कहा, 'यही कारण है कि दोनों परिवारों ने 22 दिसंबर को शादी समारोह आयोजित करने का फैसला किया। रिसेप्शन 24 दिसंबर को हैदराबाद में होगा। वे जल्द ही अपनी ट्रेनिंग शुरू कर देंगी, क्योंकि अगला सीजन काफी महत्वपूर्ण होने वाला है।' शादी से जुड़े कार्यक्रम 20 दिसंबर से शुरू होंगे।

#### 2 साल बाद कोई टाइटल जीता

29 साल की भारतीय स्टार पीवी सिंधु ने सोमवार रात सैयद मोदी इंटरनेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट का टाइटल जीत लिया। उन्होंने चीन की वू लुओ यू को 21-14, 21-16 से हराया। सिंधु ने 2 साल 4 महीने बाद कोई टाइटल जीता था। उन्होंने जुलाई 2022 में आखिरी टाइटल जीता था।

# आर्मी कैंप से लापता शख्स को ढूंढ रहे 2000 जवान

**मणिपुर के लीमाखोंग से 9 दिन गायब हैं लैशराम; ट्रैकर डॉग-ड्रोन भी सर्चिंग में जुटे**

**इंफाल.** मणिपुर के लीमाखोंग कैंप से 25 नवंबर को लापता हुए 56 साल के लैशराम को सेना और पुलिस के 2000 जवान मिलकर खोज रहे हैं। मणिपुर पुलिस सोमवार को किए फेसबुक पोस्ट में बताया कि लैशराम का पता लगाने के लिए मणिपुर पुलिस हेलीकॉप्टरों, ड्रोन और सेना के ट्रैकर कुत्तों की मदद ले रही है। इसके लिए टेक्नोलॉजी का सहारा भी लिया जा रहा है।

लैशराम कमलबाबू के लापता होने पर सेकमाई पुलिस स्टेशन में FIR दर्ज की गई है। इसके बाद 30 नवंबर को CM बीरेन सिंह ने कहा था कि लापता शख्स सेना के अधिकारियों के लिए फर्नीचर बनाता था। वह सेना के कैंपस से



गायब हुआ इसलिए सेना को ही उसे खोजने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। इनर मणिपुर से कांग्रेस सांसद ए. बिमोल अकोईजाम ने भी मंगलवार को कहा, 'आर्मी कैंप से एक व्यक्ति के लापता होने का मामले पर मैंने मीडिया के जरिए अपील की थी। जब भी मुझे मौका मिलेगा मैं इस मुद्दे को उठाऊंगा'।

कांगपोकपी जिले में बना 57वें माउंटेन डिवीजन लीमाखोंग आर्मी कैंप राजधानी इंफाल से लगभग 16 किमी दूर है और पहाड़ियों से घिरा हुआ है। यह एक कुकी बहुल इलाका है। लैशराम, अपने परिवार के साथ इंफाल पश्चिम के खुखरुल में रहते थे। पिछले साल मई में जातीय हिंसा शुरू होने के बाद लीमाखोंग के पास रहने वाले मैतेई लोग भाग गए थे, जिनमें अब तक 250 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है।

#### क्या हुआ था 25 नवंबर को

■ असम के कछार में उधारबोंड के गोसाईपुर रहने वाले लैशराम कमलबाबू सिंह, मेसर्स एल बिनोद कंस्ट्रक्शन में सुपरवाइजर के रूप में काम करते थे। लैशराम 25 नवंबर को रोज की तरह लीमाखोंग आर्मी कैंप के अंदर काम कर रहे थे। लेकिन उसके बाद लापता हो गए। 57 माउंटेन डिवीजन के गेट लॉग से पता चला कि वह कैंप में दाखिल हुए थे लेकिन बाहर नहीं निकले।

■ सीसीटीवी फुटेज से यह साबित हुआ कि 25 नवंबर की सुबह करीब 9:15 बजे लैशराम कैंप में दाखिल हुए लेकिन उन्हें बाहर निकलते नहीं देखा गया। आमतौर पर लैशराम शाम 4 बजे तक घर लौट आते थे, लेकिन जब वह रात 8:30 बजे तक नहीं आए और फोन पर भी उनसे संपर्क नहीं हो पाया, तो उनके परिवार ने पुलिस को खबर की।

# बदायूं जामा मस्जिद में नीलकंठ मंदिर का दावा

**हिंदू पक्ष बोला- सर्वे से क्यों डर रहे, मुस्लिम पक्ष का जवाब- सिर्फ माहौल बिगाड़ने की कोशिश**

**बदायूं.** यूपी में संभल के बाद अब बदायूं की जामा मस्जिद चर्चा में है। हिंदू पक्ष ने दावा किया है कि जामा मस्जिद असल में नीलकंठ महादेव का मंदिर है। मंगलवार को जिला कोर्ट में हिन्दू पक्ष ने सर्वे की मांग रखी तो मुस्लिम पक्ष ने जवाब दिया कि ये सिर्फ माहौल बिगाड़ने की कोशिश है। अगली सुनवाई 10 दिसंबर को होगी। उस दिन कोर्ट तय करेगा कि केस सुनने योग्य है या नहीं।

मुस्लिम पक्ष के वकील अनवर आलम ने कोर्ट में यह मामला सुनने



योग्य नहीं है। हिंदू महासभा को इसमें वाद दायर करने का कोई अधिकार नहीं। जब यह खुद कह रहे हैं कि मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाई गई है। तो जाहिर सी बात है, वहां पर मंदिर का अस्तित्व नहीं है। इन्होंने वादी नीलकंठ महादेव को बनाया है। जबकि वादी प्रत्यक्ष व्यक्ति होता है। हिंदू पक्ष की बहस नहीं हुई है। हिंदू पक्ष के वकील विवेक रेंडर ने कोर्ट के बाहर कहा- मुस्लिम पक्ष अपनी बहस कर रहा है, इसके बाद हम अपना पक्ष रखेंगे। मुस्लिम पक्ष मंदिर के अस्तित्व को नकारने पर कहा कि अगर मंदिर का अस्तित्व नहीं है तो वो सर्वे कराने से क्यों डर रहे हैं।

2 सितंबर, 2022 को बदायूं सिविल कोर्ट में भगवान श्री नीलकंठ महादेव महाकाल (ईशान शिव मंदिर), मोहल्ला कोट/मौलवी टोला की तरफ से एक याचिका दायर हुई। इसमें जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी, यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड, ASI, केंद्र सरकार, यूपी सरकार, बदायूं कलेक्टर और प्रदेश के मुख्य सचिव को पार्टी बनाया गया। याचिका में दावा किया गया कि मौजूदा वक्त में बदायूं की जामा मस्जिद की जगह पर नीलकंठ महादेव का मंदिर था।

# चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की सुनवाई से CJI हटे

- नई बेंच 6 जनवरी से सुनवाई करेगी
- CJI को पैनल से हटाने पर कांग्रेस ने याचिका लगाई



**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) और चुनाव आयुक्त (EC) की नियुक्ति से जुड़े मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया है। मामले की सुनवाई 6 जनवरी से शुरू होगी और इसके लिए नई बेंच का गठन किया जाएगा।

2 मार्च 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया था, जिसमें कहा गया था कि CEC और EC की नियुक्ति तीन सदस्यीय पैनल की तरफ से की जाएगी। इसमें प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस शामिल होंगे।

सुप्रीम कोर्ट की 5 सदस्यीय बेंच ने यह फैसला सुनाया था। इसमें CJI संजीव खन्ना भी शामिल थे, तब वे सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस थे। हालांकि 21 दिसंबर 2023 को सरकार ने एक नया विधेयक पारित किया, जिसमें चीफ जस्टिस को पैनल से हटा दिया गया और उनकी जगह एक केंद्रीय मंत्री को शामिल किया गया। इसे प्रधानमंत्री चुनेंगे।

केंद्र सरकार के इसी फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में कांग्रेस कार्यकर्ता जया ठाकुर ने याचिका दायर की है। इस विवाद के बावजूद केंद्र ने ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू को चुनाव आयुक्त के रूप में नियुक्त किया था।

## चिन्मय दास के वकील पर भी जानलेवा हमला

इस्कॉन कोलकाता के प्रवक्ता राधारमण दास ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में गिरफ्तार हिंदू पुजारी चिन्मय दास प्रभु के वकील रमन रॉय पर भी कट्टरपंथियों ने जानलेवा हमला किया है। लोगों ने उनके घर में घुसकर तोड़फोड़ की और उन्हीं बुरी तरह पीटा। राधारमण दास ने यह भी कहा कि रमन रॉय आईसीयू में जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि रमन रॉय की गलती बस इतनी थी कि वह कोर्ट में चिन्मय दास का बचाव कर रहे हैं। उन्होंने वकील की तस्वीर भी सोशल मीडिया पर पोस्ट की है। उन्होंने कहा कि हमले में रमन रॉय बुरी तरह घायल हुए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, कृपया रमन रॉय के लिए प्रार्थना करें। उनकी गलती बस यही थी कि वह चिन्मय दास का केस लड़ रहे थे। उनपर जानलेवा हमला हुआ है और वह आईसीयू में हैं।

**संक्षेप...**

### ओसवाल पार्क में 2.68 लाख के गहने चोरी

**भिवंडी.** अंजूरफाटा ओसवाल पार्क सोसाइटी में एक फ्लैट से लाखों के गहने चोरी होने का मामला सामने आया है.पांचवीं मंजिल फ्लैट का दरवाजा अज्ञात चोर नकली चाबी से खोलकर आलमारी में रखे 2.68 लाख रुपये के सोने के गहने लेकर फरार हो गया. घर मालिक आशिष धीरज लाल गुढका ने नारपोली पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है. मिली जानकारी के अनुसार, आशीष गुढका का परिवार रिश्तेदार के घर धार्मिक कार्यक्रम में गए थे. घर में किसी के नहीं होने का फायदा उठाकर अज्ञात चोर ने आलमारी में रखे गहनों पर हाथ साफ कर रफूचक्कर हो गया.शहर के पाश रहिवासी क्षेत्र में घटी चोरी की घटना से लोगों में सुरक्षा को लेकर दहशत फैली है.

# महाराष्ट्र में CM की शपथ से पहले सियासी संग्राम

■ **शपथ ग्रहण में शामिल होने पर संशय**



**ठाणे.** महाराष्ट्र में अगले मुख्यमंत्री के नाम को लेकर 10 दिन बाद भी सस्पेंस बरकरार है। महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे मंगलवार को अस्पताल में भर्ती हुए। उपचार के बाद जब वह अस्पताल से बाहर आए तो उन्होंने पत्रकारों से कहा कि मुझे काफी तेज बुखार और कमजोरी हो गई है। मैं चेकअप के लिए अस्पताल आया था, अब मैं ठीक हूं। डॉक्टरों ने आराम करने की सलाह दी है।

सीएम शिंदे का इलाज जुपिटर अस्पताल में डॉक्टरों की एक टीम कर रही है और उन्हें आराम करने की सलाह दी गई है। शिवसेना सूत्रों के अनुसार, उनके डेंगू और मलेरिया के टेस्ट निगेटिव आए हैं। बीपी के कारण वे कमजोर महसूस कर रहे हैं। एकनाथ शिंदे की तबीयत खराब होने से गुरुवार के शपथ ग्रहण समारोह में उनके शामिल होने पर संशय बरकरार है।

सीएम शिंदे उपमुख्यमंत्री के तौर पर सरकार में शामिल होंगे या नहीं, यह अभी पता नहीं चल पाया है, क्योंकि उन्होंने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं। यह भी पता नहीं चल पाया है कि सीएम शिंदे की अनुपस्थिति में शिवसेना के अन्य विधायक शपथ लेंगे या नहीं। अपनी स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए, मुख्यमंत्री शिंदे ने सरकार गठन के संबंध में पार्टी नेताओं और विधायकों के साथ विचार-विमर्श सहित अपनी सभी बैठकें रद कर दी हैं।

**आज सुबह है बीजेपी की बैठक**

बीजेपी ने विधायक दल के नेता का चुनाव करने के लिए बुधवार की सुबह 10 बजे विधायकों की बैठक बुलाई है। इसके लिए केंद्रीय आलाकमान में गुजरात के पूर्व सीएम विजय रुपाणी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पर्यवेक्षक बनाया है। इसमें बीजेपी के विधायक अपने नेता का चुनाव करेंगे। इसके बाद नेता का ऐलान होगा। बीजेपी की तरफ से देवेंद्र फडणवीस इकलौते दावेदार हैं। तो वहीं दूसरी तरफ महायुति की नई सरकार में शिवसेना की तरफ से गृह विभाग मांगे जाने की चर्चा है। सूत्रों के अनुसार बीजेपी ने शिवसेना को अर्बन डेवलपमेंट और एनसीपी को फाइनेंस देने की योजना बनाई है। पिछली सरकार में भी फाइनेंस पोर्टफोलियो अजित पवार के पास था।

## महापरिनिर्वाण दिवस पर 12 अतिरिक्त लोकल ट्रेनें चलेंगी



**मुंबई.** मध्य रेलवे द्वारा महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर 5/6 दिसंबर (गुरुवार-शुक्रवार मध्यरात्रि) को परेल-कल्याण और कुर्ला-पनवेल सेक्शन के बीच 12 अतिरिक्त लोकल ट्रेनें चलाएगा। ये विशेष लोकल ट्रेनें सभी स्टेशनों पर रुकते हुए चलेंगी।

**प्लेटफॉर्म टिकट बंद**

सेंट्रल रेलवे के कुछ महत्वपूर्ण स्टेशनों पर अगले कुछ दिनों तक भीड़ हो सकती है। इसलिए एहतियात के तौर पर प्लेटफॉर्म टिकट बंद करने का फैसला लिया गया है। सेंट्रल रेलवे ने दिवाली के दौरान कुछ दिनों के लिए महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म टिकट भी बंद कर दिए। इसे भीड़ नियंत्रण के लिए लाभकारी पाया गया। इसलिए सेंट्रल रेलवे ने अब महापरिनिर्वाण दिवस की पृष्ठभूमि में यह फैसला लिया है।

**मेन लाइन - परेल-कल्याण सेक्शन**

- कुर्ला-परेल स्पेशल: कुर्ला से 00:45 बजे प्रस्थान, परेल पहुंचेगी 01:05 बजे।
- कल्याण-परेल स्पेशल: कल्याण से 01:00 बजे प्रस्थान, परेल पहुंचेगी 02:15 बजे।
- ठाणे-परेल स्पेशल: ठाणे से 02:10 बजे प्रस्थान, परेल पहुंचेगी 02:55 बजे।

**मुख्य लाइन - स्पेशल्स (कल्याण-परेल सेक्शन)**

- परेल-ठाणे स्पेशल: परेल से 01:15 बजे प्रस्थान, ठाणे पहुंचेगी 01:55 बजे।
- परेल-कल्याण स्पेशल: परेल से 02:25 बजे प्रस्थान, कल्याण पहुंचेगी 03:40 बजे।
- परेल-कुर्ला स्पेशल: परेल से 03:05 बजे प्रस्थान, कुर्ला पहुंचेगी 03:20 बजे।

**हार्बर लाइन - स्पेशल्स (पनवेल-कुर्ला सेक्शन)**

- वाशी-कुर्ला स्पेशल: वाशी से 01:30 बजे प्रस्थान, कुर्ला पहुंचेगी 02:10 बजे।
- पनवेल-कुर्ला स्पेशल: पनवेल से 01:40 बजे प्रस्थान, कुर्ला पहुंचेगी 02:45 बजे।
- वाशी-कुर्ला स्पेशल: वाशी से 03:10 बजे प्रस्थान, कुर्ला पहुंचेगी 03:40 बजे।

**हार्बर लाइन - स्पेशल्स (कुर्ला-पनवेल सेक्शन)**

- कुर्ला-वाशी स्पेशल: कुर्ला से 02:30 बजे प्रस्थान, वाशी पहुंचेगी 03:00 बजे।
- कुर्ला-पनवेल स्पेशल: कुर्ला से 03:00 बजे प्रस्थान, पनवेल पहुंचेगी 04:00 बजे।
- कुर्ला-वाशी स्पेशल: कुर्ला से 04:00 बजे प्रस्थान, वाशी पहुंचेगी 04:35 बजे।

**रेलवे स्टेशनों पर प्लेटफार्म टिकट बंद**

मुंबई डिवीजन: छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, दादर, ठाणे और कल्याण।
भुसावल प्रभाग: बडनेरा,
अकोला, नांदुरा, मुर्तिजापुर, शेगांव, मलकापुर, भुसावल, जलगांव, पचोरा, चालीसगांव, मनमाड और नासिक।
नागपुर डिवीजन: नागपुर और वर्धा
पुणे डिवीजन: पुणे रेलवे स्टेशन
सोलापुर डिवीजन: सोलापुर रेलवे स्टेशन

## शपथ समारोह से पहले एनसीपी ने फंसा दिया पेच

■ **बोली शिवसेना से कम पर नहीं रहेंगे**



**मुंबई.** महाराष्ट्र में सरकार गठन और शपथ समारोह पर सस्पेंस के बीच महायुति में अजित पवार की अगुवाई वाले सहयोगी दल एनसीपी ने भी पेच फंसा दिया है। एनसीपी ने एकनाथ शिंदे की शिवसेना के बराबर सरकार में जगह की मांग की है। एनसीपी नेता छगन भुजबल ने हालिया विधानसभा चुनावों में बेहतर स्ट्राइक रेट का हवाला देते हुए कहा है कि उनकी पार्टी नई सरकार में एकनाथ शिंदे के पार्टी के बराबर हिस्सेदारी से कम पर नहीं मानेगी। सरकार गठन की कोशिशों के बीच एनसीपी की तरफ से यह नई मांग सामने आई है।

छगन भुजबल ने साफ तौर पर कहा है कि महाराष्ट्र विधानसभा में गठबंधन में स्ट्राइक रेट देखें तो बीजेपी पहले नंबर पर है और दादा (अजित पवार) की एनसीपी दूसरे नंबर पर है और शिंदे की सेना तीसरे नंबर पर है। इसलिए हमारी मांग है कि सरकार में हमें भी शिंदे के चुनावों में अजित पवार की अगुवाई में एनसीपी ने बेहतर प्रदर्शन किया है। ऐसे में नई सरकार में एनसीपी को भी शिवसेना के बराबर प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। उन्होंने मंगलवार को कहा, ₹अगर हम अपने बराबर जगह मिले।₹हालिया विधानसभा चुनावों में स्ट्राइक रेट का हवाला देकर छगन भुजबल ने पहले अजित पवार के लिए सीएम की कुर्सी मांगी थी। बता दें कि 288 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा को 132 सीटों पर जीत मिली है। उसने 148 सीटों पर चुनाव लड़ा था। इस लिहाज से भाजपा की स्ट्राइक रेट 88.5 फीसदी रहा, जबकि 59 सीटों पर चुनाव लड़कर 41 सीटें जीतने वाली एनसीपी की स्ट्राइक रेट 69.5 फीसदी रही। एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने 81 सीटों पर चुनाव लड़ा था और 56 पर जीत दर्ज की थी। उसकी स्ट्राइक रेट 70.4 फीसदी रही।

## मुंबई के आजाद मैदान में होगा शपथ ग्रहण

■ **40 हजार लोगों के जुटने की उम्मीद**

**मुंबई.** महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री के नाम पर अभी सस्पेंस बना हुआ है. महायुति के प्रचंड बहुमत हासिल करने बाद भी सीएम के नाम को लेकर बीते कई दिनों से मंथन जारी है. इस बीच महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद के लिए शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी जोरों पर है. समारोह 5 दिसंबर को मुंबई के आजाद मैदान में होगा. इसके लिए मुंबई के आजाद मैदान में मंच बनाने की तैयारी शुरू हो गई है. वहीं मुंबई में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए बृहन्मुंबई म्युनिसिपल कारपोरेशन (बीएमसी) की ओर से पानी का छिड़काव किया जा रहा है. इस समारोह को भव्य बनाने के लिए खास इंतजाम किए गए हैं. कार्यक्रम में करीब 40 हजार लोगों के जुटने की उम्मीद है. शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा भारतीय जनता पार्टी के कई बड़े नेता और एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्री भी कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं. महायुति के घटक दलों के नेता तैयारियों का जायजा लेने के लिए मंगलवार को आजाद मैदान पहुंचे.

## एसएसटी कॉलेज की प्रा. डॉ. पद्मावती देशपांडे और प्रा. स्वाती केसवानी को 'सर्वश्रेष्ठ शिक्षक 2024' पुरस्कार





**उल्हासनगर.** एस.एस.टी. कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स की डॉ. पद्मावती देशपांडे और सहायक प्राध्यापक स्वाती केसवानी को 'सर्वश्रेष्ठ शिक्षक 2024' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित शिक्षक सम्मेलन 'एम्पॉवरिंग एजुकेटर्स' के कार्यक्रम में प्रदान किया गया।


कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. श्रद्धा भोमे, प्राचार्य, जे.के. कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स, घनसोली उपस्थित थीं। प्रमुख वक्ता और सॉफ्ट स्किल ट्रेनर सुनीता मान ने 'जीवन कौशल और तनाव प्रबंधन' विषय पर एक जानकारीपूर्ण सत्र आयोजित किया।

इसके अलावा, ठाणे चैप्टर के उपाध्यक्ष सी.एस. एस. एन. विश्वनाथन ने 'कॉर्पोरेट कानून और व्यवहार' विषय पर मार्गदर्शन दिया। वहीं, पश्चिम प्रादेशिक समिति के पूर्व अध्यक्ष सी.एस. यतीन पंडित ने 'कंपनी सेक्रेटरी के रूप में करियर के अवसर' विषय पर विस्तृत चर्चा की। इस सम्मान ने एस.एस.टी. कॉलेज का नाम रोशन किया है, और महाविद्यालय के संस्थापक प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी, आयक्यूएससी कॉर्डिनेटर डॉ. खुशबू पुरस्वानी सहित सभी शिक्षक, अन्य कर्मचारी और विद्यार्थियों ने पुरस्कार प्राप्त प्राध्यापकों को बधाई दी।

## गणेश सोसायटी में अवैध इमारत गिराने का काम शुरू

■ **अवैध निर्माण में लिप्त बिल्डरों में मचा हड़कंप**

▸▸ उल्हास विकास संवाददाता



**भिवंडी.** मनपा प्रभाग क्रमांक समिति 2 अंतर्गत नागाव क्षेत्र गणेश सोसायटी स्थित अवैध निर्मित बिल्डिंग में उच्च न्यायालय के आदेश पर तोड़ू कार्यवाही मनपा कर्मियों ने शुरू की है. मुकेशकुमार काशीभाई पटेल की पांच मंजिला घर क्रमांक 1161 के चौथे और पांचवें मंजिल को मनपा ने अवैध घोषित कर हथौड़े से तोड़ा जाना शुरू किया है.

गौरतलब हो कि,गणेश नगर रहिवासी कालोनी स्थित मुकेश कुमार पटेल ने चौथा और पांचवीं मंजिल मनपा नगर रचना विभाग से मंजूरी लिए ही अवैध रूप से निर्माण किया था. इमारत का अवैध हिस्सा को जमींदोज करने की खातिर हाईकोर्ट ने आदेश दिया था. हाईकोर्ट आदेश एवं आयुक्त अजय वैद्य के निर्देश पर मनपा प्रभाग समिति क्रमांक 2 सहायक आयुक्त माणिक जाधव, बीट निरीक्षक रमाकांत म्हात्रे ने अपनी अतिक्रमण टीम और ठेकेदार के साथ मिलकर आदेश पर अमल शुरू किया.मनपा प्रशासन के अनुसार, इमारत के चौथे और पांचवें मंजिल का निर्माण बगैर अनुमति के किया गया था. तोडू एक्शन के पूर्व ही रहीवासियों को बाहर निकाल दिया गया.तोड़क कार्रवाई के साथ ही टोरेंट पावर ने इमारत की बिजली सप्लाई और जलापूर्ति विभाग ने पानी की आपूर्ति बंद कर दी है. इमारत रहवासियों के विरोध बावजूद प्रशासन ने सबको समझा बुझाकर हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देकर किसी की नहीं सुनी.

**आज सुबह है बीजेपी की बैठक**

भिवंडी में किसी भी अवैध निर्माण को बर्दाशत नहीं किया जाएगा .मनपा नियमों का उल्लंघन होगा तो कार्रवाई झेलनी होगी . लोगों को घर,दुकान खरीदी के पूर्व निर्माण संबंधी तमाम जानकारी प्राप्त करनी चाहिए ताकि आर्थिक नुकसान से बचाव हो सके .अवैध निर्माण पर तोडू कार्यवाही में बिलंब करने पर संबंधित अधिकारी,कर्मचारी पर मनपा नियमों के अनुरूप अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी .

**-अजय विलास वैद्य.**

## गहरी खाई में निकाले गए 3 युवक

**नवी मुंबई.** मुंबई से खारघर स्थित तलोजा जेल के पास के पहाड़ पर ट्रैकिंग के लिए आए 3 युवक रास्ता भटकने के कारण गहरी खाई में फंस गए थे, जिन्हें पुलिस, दमकलकर्मियों और स्थानीय नागरिकों की मदद से बचाया गया. मिली जानकारी मुंबई के दादर में रहने वाले संजय धवल अपने 2 साथियों के साथ तलोजा सेंट्रल जेल के पीछे की पहाड़ी पर ट्रैकिंग के लिए गए थे, ट्रैकिंग के दौरान घास और झाड़ियों के कारण उक्त तीनों रास्ता भटक गए, जिसकी वजह से तीनों गहरी खाई में फंस गए थे.

खारघर पुलिस स्टेशन से मिली जानकारी के अनुसार उक्त तीनों लोगों ने खाई से बाहर निकलने की बहुत कोशिश की, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली, जिसके बाद उक्त तीनों ने हेल्पलाइन के माध्यम से नवी मुंबई पुलिस से संपर्क किया.

## 1. 35 लाख कीमत की 54 ग्राम एमडी पावडर जब्त

**मुंब्रा.** शहर में नशे के सौदागरों के खिलाफ पुलिस पैनी नजर बनाए हुए है। जिसके तहत मुंब्रा पुलिस नशा करने व बेचने वालों पर विशेष अभियान चला रही है। मादक पदार्थों की बिक्री करने वालों पर पुलिस नकेल कसने के लिए तैयार है। इसी क्रम में मुंब्रा पुलिस थाने अंतर्गत दिवा पुलिस टीम ने कार्रवाई कर गणेश विसर्जन तालाब के पास से जहां 1 लाख 35 हजार रुपए कीमत की 54 ग्राम मेफेड्रान (एमडी) पाउडर बरामद की है। वहीं 1 आरोपी को सलाखों के पीछे ढकेल दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दिवा पुलिस के डिटेक्शन ब्रांच के सहायक पुलिस निरीक्षक राजेन्द्र तोरडमल को गुप्त सूचना मिली थी कि सूरज राम विलास शर्मा गणेश विसर्जन तालाब के पास एमडी पावडर बेचने आने वाला है।


**शुभम टँक्स अँड लाइनर प्रायव्हेट लिमिटेड**

**ड्रायवरच्या आवश्यकता आहे**

- **पदाचे नाव:** चालक (Driver)
- **रिपोर्टिंग:** एक्झिक्युटिव्ह असिस्टंट **कामाचे ठिकाण:** ठाणे
- **पदाचा प्रकार:** १ वर्षांचा करारावर आधारित
- **पदासाठी नवीन/स्थानापन्न:** ठाणे
- **पात्रता व अनुभव:** ५ - १५ वर्षांचा अनुभव (एसएससी/एचएससी उत्तीर्ण)

**मुख्य जबाबदाऱ्या**

- मालकाच्या गाडीचे (स्वयंचलित कार) ड्रायव्हिंग करणे.
- गाडीची अंतर्गत स्वच्छता करणे. कार्यालयीन कामे देखील जबाबदारीत समाविष्ट असतील.
- **इच्छित पात्रता** - ५ - १५ वर्षांचा ड्रायव्हिंगचा अनुभव.
- **वय:** ३० - ४० वर्षे.

**ठाणे व आसपास राहणारे उमेदवार प्राधान्य.**
**दारू/धूम्रपानाची सवय नसावी.**

**कामाचे तास व वेतन**

- **कामाचे वेळ:** सकाळी ८:३० ते रात्री ८:३० (रविवार सुट्टी).
- **वेतन:** १८,००० - २२,०००.
- **ओव्हरटाइम:** प्रति तास वेतनानुसार.
- **वेतन जमा होण्याची तारीख:** दर महिन्याच्या १ तारखेला.

इतर महत्त्वाची माहिती
**पिक-अप पॉइंट:** दोस्ती इम्पीरिया, माणपाडा, ठाणे पश्चिम.
विश्वसनीय, प्रामाणिक व जबाबदार उमेदवार हवा.

**संपर्क 8291920072**


## ठाणे में हाई रिटर्न का झांसा देकर 20 लोगों से 26 लाख की ठगी

**ठाणे.** ठाणे में निवेश पर हाई रिटर्न का झांसा देकर ठगी करने का मामला सामने आया है. 41 साल के मोबाइल रिपेयर तकनीशियन और अन्य निवेशकों से 26 लाख रुपये की धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने 20 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है.

पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने मई 2022 से मार्च 2024 के बीच क्रिप्टोकरेंसी निवेश योजना में शुरुआती निवेश पर 12 से 15 गुना मासिक रिटर्न का वादा करके लोगों को ठगा. उन्होंने लोगों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर और फोन पर संपर्क करके निवेश के लिए उन्हें आकर्षित किया. न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक एक पुलिस अधिकारी ने बताया, 'आरोपी ने निवेशकों को बड़ी कमाई का लालच देकर अपनी योजना में निवेश करने के लिए प्रेरित किया लेकिन बाद में उन्होंने निवेशकों के कॉल उठाने बंद कर दिए और निवेश की गई रकम वापस नहीं लौटाई.'

पीड़ितों में से एक, जो मोबाइल रिपेयरिंग का काम करते हैं, उन्होंने अपनी मेहनत की कमाई इस धोखाधड़ी में गंवा दी. अन्य पीड़ितों ने भी अपनी शिकायत दर्ज कराई है. ठाणे पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और महाराष्ट्र जमाकर्ता हित संरक्षण अधिनियम, 1999 के तहत मामला दर्ज किया गया है. हालांकि, अभी तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है. पुलिस मामले की जांच कर रही है और घोटाले से जुड़े सबूत जुटाने का प्रयास कर रही है. पुलिस ने आम जनता को सतर्क रहने और ऐसे निवेश प्रस्तावों से बचने की सलाह दी है जो अत्यधिक लाभ का वादा करते हैं. साथ ही, उन्होंने निवेश से पहले योजना की प्रामाणिकता की जांच करने का भी लोगों को सुझाव दिया.


**STAFF REQUIRED**

**SINDHI MALE**

Qualification B.COM PASSED For ACCOUNTANT

&

For SALESMAN Qualification- 10TH PASSED

CONTACT :
**MR. RAJESH**
**Mob. No. : 9307579475**


## अनन्या पांडे को मिला बेस्ट एक्ट्रेस का अवार्ड

■ **रूमर्ड बॉयफ्रेंड वॉकर ने शेयर की पोस्ट**

■ **अनंत अंबानी की सगाई में साथ में दिखे थे दोनों**



अनन्या पांडे अपनी प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ को लेकर अक्सर चर्चाओं में रहती हैं। आदित्य रॉय कपूर से ब्रेकअप के बाद एक्ट्रेस के रिलेशनशिप स्टेटस पर काफी चर्चा हो रही हैं। सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस का नाम हॉलीवुड मॉडल वॉकर ब्लैंको से जोड़ा जा रहा है। अनन्या पांडे रविवार की रात मुंबई में अवार्ड शो में शामिल हुई थी। इस अवार्ड शो में एक्ट्रेस ने एक अवार्ड जीता और सोशल मीडिया पर अवार्ड के साथ फोटो शेयर की। एक्ट्रेस की पोस्ट को उनके रूमर्ड बॉयफ्रेंड वॉकर ब्लैंको ने अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है।

**क्या मॉडल को डेट कर रही हैं अनन्या?**

अनन्या पांडे को फिल्मफेयर अवॉर्ड्स में बेस्ट एक्टर फीमेल क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड मिला। एक्ट्रेस को ये अवॉर्ड फिल्म खो गए हम कहां के लिए मिला है। एक्ट्रेस के की दोस्तों ने उनकी पोस्ट शेयर कर उन्हें बधाई दी है।

**रूमर्ड बॉयफ्रेंड वॉकर ने शेयर की पोस्ट**

इसी बीच अनन्या पांडे के रूमर्ड बॉयफ्रेंड वॉकर ब्लैंको ने भी अपने सोशल मीडिया पर उनकी पोस्ट शेयर कर उन्हें बधाई दी है। उन्होंने एक्ट्रेस की फोटो शेयर करते हुए दिल और क्लैप वाला ईमोजी शेयर किया है। अनन्या पांडे ने भी उनके इस पोस्ट को स्टोरी में रिशेयर किया है। पोस्ट को रिशेयर करते हुए एक्ट्रेस ने मॉडल का निक नेम 'वॉल्की' लिखा है। इसके बाद से सोशल मीडिया पर दोनों के रिश्तें को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं।

**अनंत अंबानी की सगाई में साथ में दिखे थे दोनों**

वॉकर और अनन्या को अनंत अंबानी की सगाई में साथ में देखा गया था। तभी से दोनों के अफेयर की खबरें सुर्खियों में हैं। अब वॉकर के पोस्ट से भी लोग दोनों के साथ होने का कयास लगा रहे हैं।






यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099